उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 10 फाल्गुन, शक संवत्, 1945

( दिनांक : 29 फरवरी, 2024 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख एवं ग"**)

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, भू-सम्पदा ( विनियमन एवं विकास ) अधिनियम, 2016 के अध्याय-IX की धारा-78 के प्रावधानों के अन्तर्गत उत्तराखण्ड भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) के वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी कियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2024 पर विचार किया जाय। (10 मिनट)

11. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित किया जाय।

12. वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

    (1) निर्वाचन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2235416 हजार (रूपये दो सौ तेईस करोड़ चौवन लाख सोलह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

    (अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)** )

(2) वित्त मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 164063049 हजार (रूपये सोलह हजार चार सौ छः करोड़ तीस लाख उन्चास हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(3) आबकारी मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-08 आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 431918 हजार (रूपये तैंतालीस करोड़ उन्नीस लाख अठारह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(4) सहकारिता मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2418370 हजार (रूपये दो सौ इक्तालीस करोड़ तिरासी लाख सत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(5) सिंचाई मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 21256493 हजार (रूपये दो हजार एक सौ पच्चीस करोड़ चौसठ लाख तिरानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(6) पर्यटन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 3908308 हजार (रूपये तीन सौ नब्बे करोड़ तिरासी लाख आठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(7) उद्यान मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 5750447 हजार (रूपये पांच सौ पिचहत्तर करोड़ चार लाख सैंतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(8) शिक्षा मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 112448138 हजार (रूपये ग्यारह हजार दो सौ चवालीस करोड़ इक्यासी लाख अड़तीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(9) वन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27 वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 10611144 हजार (रूपये एक हजार इकसठ करोड़ ग्यारह लाख चवालीस हजार मात्र** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(10) पेयजल मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 25653403 हजार (रूपये दो हजार पांच सौ पैंसठ करोड़ चौंतीस लाख तीन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)** )

(11) कृषि मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 10454123 हजार (रूपये एक हजार पैंतालीस करोड़ इक्तालीस लाख तेईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)** )

(12) परिवहन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-24 परिवहन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 5067119 हजार (रूपये पाच सौ छ : करोड़ इकहत्तर लाख उन्नीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)** )

(13) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-30 अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 21846458 हजार (रूपये दो हजार एक सौ चौरासी करोड़ चौसठ लाख अठ्ठावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(14) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-31 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 7178971 हजार (रूपये सात सौ सत्रह करोड़ नवासी लाख इकहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(15) पशुपालन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 7915422 हजार (रूपये सात सौ इक्यानवे करोड़ चौवन लाख बाईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(16) श्रम एवं रोजगार मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-16 श्रम और रोजगार के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 4523716 हजार (रूपये चार सौ बावन करोड़ सैंतीस लाख सोलह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(17) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-15 कल्याण योजनाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 27563357 हजार (रूपये दो हजार सात सौ छप्पन करोड़ तैंतीस लाख सत्तावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(18) खाद्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-25 खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 9446817 हजार (रूपये नौ सौ चवालीस करोड़ अड़सठ लाख सत्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

13. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 के संबंध में श्रीमती अनुपमा रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वन गुज्जर जिनकी आजीविका का साधन पशुपालन ही है, उन्हें वनों में पशु चुगान और लौपिंग के परमिट निर्गत किये जाने विषयक सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

14. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

15. जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर में पटवारियों के पद रिक्त होने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में, श्री आदेश सिंह चौहान, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को दी गयी सूचना पर राजस्व मंत्री का नियम-53 के अंतर्गत केवल वक्तव्य।

16. दिनांक 13 तथा 17 अगस्त, 2023 को आई प्राकृतिक आपदा से बह गये पुलों/बैली ब्रिज पर निर्माण कार्य न होने पर व्याप्त असन्तोष के सम्बन्ध में, श्री भूपाल राम टम्टा', सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को दी गयी सूचना पर मा0 लोक निर्माण मंत्री का नियम-53 के अंतर्गत वक्तव्य।

आज्ञा से,

**देहरादून :**
**दिनांक : 28 फरवरी, 2024**

(हिम चन्द्र पन्त)
उप सचिव (लेखा),
कृते सचिव।

प्रथम सत्र, 2024
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 10 फाल्गुन, शक संवत्, 1945

(दिनांक : 29 फरवरी, 2024)

### नत्थी 'क'

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.02.2024 | **क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भिक्षावृत्ति पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है ? यदि नहीं, तो प्रदेश में भिक्षावृत्ति निषेध अधिनियम लागू न करने के लिए कौन उत्तरदायी है और भिक्षावृत्ति पूर्णतः रोक लगाने में क्या कठिनाई है ? | समाज कल्याण |

## नत्थी 'ख'

### उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती अनुपमा रावत**<br>**03.01.2023** | *01. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बैंकों, सहकारी समितियों और दूसरे संगठनों में नियुक्तियों में अनियमितताओं की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि ऐसी नियुक्तियों को रद्द किया जा रहा है ? यदि हां, तो कितनी ऐसी नियुक्तियां अभी तक रद्द की गई है और ऐसी नियुक्तियों के लिए कौन दोषी अधिकारी है एवं उनके विरुद्ध अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |

# नत्थी 'ग'
## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.02.2024 | *1. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सी.आर.सी. व वी.आर.सी. के पदों की भर्ती में आरक्षण दिया जा रहा है ? यदि हां, तो आरक्षण का रोस्टर क्या है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इस भर्ती में वरिष्ठता को आधार बनाकर अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी ? यदि हां, किस आधार पर वरीयता दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.02.2024 | *2. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार के अधीन सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कार्मिकों हेतु गोल्डन कार्ड योजना लागू कर दी गई है ? यदि हां, तो अभी तक कितने सार्वजनिक उपकमों के कार्मिकों हेतु यह योजना लागू की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.02.2024 | "पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त"<br>*3. विधान सभा के प्रथम सत्र 2023 में नियम 40(2) के तहत तारांकित प्रश्न संख्या–1 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 के बजट भाषण में जनपद हरिद्वार के भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो उसका स्थान परिवर्तित कर हरिद्वार करने का क्या औचित्य है ? क्या भगवानपुर जो औद्योगिक क्षेत्र भी है तो 250 बैड का अस्पताल स्थापित कर पाना राज्य सरकार के लिए सम्भव नहीं था ? क्या सरकार जनहित में भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>13.02.2024 | *4. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में कुछ दिन पूर्व सी.एच.सी. चौण्ड से जिला अस्पताल बौराड़ी को रेफर की गई ग्राम ओनालगांव एवं ग्राम हेरवालगांव की 2 गर्भवती महिलाओं की रास्ते में मृत्यु हो गई ? क्या सत्य है कि सी.एच.सी. चौण्ड में चिकित्सकों के 10 पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष केवल एक चिकित्सक तैनात है ? क्या यह भी सत्य हैं कि घटना के समय वह भी अवकाश पर थे ? क्यां सरकार जनहित में सभी पर्वतीय क्षेत्रों को अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

श्री भुवन चन्द्र कापड़ी
13.02.2024

*5. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या– 149194/XXIV–2/23 –07(08) 2011, दिनांक 24 अगस्त, 2023 के कम में बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के राजकीय विद्यालयों तथा कार्यालयों में अभी तक कितने चतुर्थ श्रेणी कार्मिक आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त किये गये हैं ? यदि नहीं, तो नियुक्ति में विलम्ब के क्या कारण है ?

विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक)

श्री विरेन्द्र कुमार
13.02.2024

*6. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कितने लोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं और जीवन मृत्यु के बीच जूझ रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कैंसर पीड़ितों के मुफ्त इलाज हेतु सरकार द्वारा कोई योजना चलायी जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्या सरकार कैंसर पीड़ितों के मुफ्त इलाज की यथाशीघ्र कोई कार्ययोजना बना रही है ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री विरेन्द्र कुमार
13.02.2024

"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त"

*7. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0एड0, बी0पी0एड0 तथा टी0ई0टी0 उत्तीर्ण/प्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की क्या कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि ऐसे प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार कब तक उपलब्ध करा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक)

इंजी0 रवि बहादुर
13.02.2024

*8. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्राईवेट स्कूलों का जब रजिस्ट्रेशन नंबर बदलने के उपरान्त स्कूल संचालक के परिवर्तन के पश्चात उनमें पहले से आर0टी0ई0 के तहत एडमिशन पाए हुए बच्चे का उसी स्कूल में आर0टी0ई0 के तहत एडमिशन मान्य है ? यदि नहीं, तो उन बच्चों के भविष्य के लिए सरकार की क्या नीति है ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक)

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>13.02.2024 | *9. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार के कर्मियों तथा पेंशन भोगियों को गोल्डन कार्ड योजनान्तर्गत सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में राज्य मुख्यालय के प्रतिष्ठित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटलस ने सरकारी पैनल में सम्मिलित होने से इसलिए सहमति नहीं दी है क्योंकि उनका पूर्व का भुगतान सरकार द्वारा समय से नहीं किया गया है ? यदि हां, तो इसके लिए कौन दोषी है ? क्या सरकार ऐसी व्यवस्था करेगी कि उक्त योजनान्तर्गत प्रदेश और देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों को कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकें ? यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में क्या कठिनाई है ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>14.02.2024 | *10. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी विकास खण्डों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है ? क्या यह सत्य है कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बालावाला, भानियावाला क्षेत्र की जनता लम्बे समय से केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग करती आ रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में अत्यधिक सैनिक तथा केन्द्रीय कार्मिकों की बाहुल्यता होने के कारण बालावाला, भानियावाला क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव सरकार भारत सरकार को भेजने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| श्री सुमित हृदयेश<br>14.02.2024 | *11. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सहित जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी के कितने चिकित्सालायों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी है ? क्या यह सत्य है कि चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी के कारण प्रदेश की जनता को चिकित्सा सुविधा का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी को दूर करने हेतु कोई कार्ययोजना बना रही है ? यदि हां, तो इस कार्ययोजना का स्वरुप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

श्री बृजभूषण गैरोला
15.02.2024

"एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त"

*12. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2013 में रुद्रप्रयाग जनपद के जखोली में सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की गयी थी तथा इसके लिए रक्षा मंत्रालय की सैनिक स्कूल संचालन सोसायटी में वित्तीय मंजूरी भी दी थी ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि तत्कालीन सरकार द्वारा इसके लिए रुपये दस करोड़ मंजूर किये थे, लेकिन कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम ने यह धनराशि रिटेनिंग बनाने में ही खर्च कर दी थी ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार रुद्रप्रयाग जनपद के जखोली में सैनिक स्कूल भवन का निर्माण का कार्य प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक)

श्री सुमित हृदयेश
14.02.2024

*13. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नोट बन्दी से लेकर अब तक प्रदेश के सहकारी बैंको को कितना लाभ व कितना नुकसान हुआ है तथा कितने एन0पी0ए0 हुये है ? क्या मंत्री जी उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सहकारिता

श्री प्रीतम सिंह
15.02.2024

*14. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में तम्बाकू उत्पाद के सेवन से असंख्य नागरिकों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है ? क्या सरकार प्रदेश को तम्बाकू मुक्त करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो इस कार्ययोजना का प्रारूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री प्रीतम सिंह
15.02.2024

*15. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के अशासकीय स्कूलों में विगत 05 वर्षों में शिक्षकों व लिपिक की नियुक्तियों में व्यापक स्तर पर अनियमिततायें की गई हैं ? यदि हां, तो उक्त अनियमितता में लिप्त दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

श्री संजय डोभाल
15.02.2024

*16. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक ) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय जिलों के बेसिक/माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिस कारण प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार कोई ठोस नीति बना कर शिक्षकों की उचित व्यवस्था कर शिक्षा के स्तर को सुधारेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक)

श्री सुरेश गढ़िया
15.02.2024

*17. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अगवत हैं कि प्रदेश में विभिन्न अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार करवाने वाले मरीजों की किसी कारणवश अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाता है, तो सम्बन्धित अस्पताल द्वारा आयुष्मान पोर्टल में नियमित रुप से मरीज के आई0 डी0 पर रेफर सर्टिफिकेट अपलोड नहीं किया जाता है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि आयुष्मान पोर्टल में मरीज का रेफर सर्टिफिकेट अपलोड़ नहीं होने से मरीज को दूसरे अस्पताल में आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल पाता ? यदि हां, तो क्या सरकार पारदर्शिता से कार्ड–धारक को यह सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री उमेश कुमार
15.02.2024

*18. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर के अन्तर्गत सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्चुअल क्लासरूम अथवा स्मार्ट क्लासरूम से वंचित विद्यालयों के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

श्री मोहन सिंह
16.02.2024

*19. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत धौलादेवी विकास खण्ड मे पाली एवं गुणादित्य में अटल आदर्श विद्यालय स्थापित है ? क्या यह सत्य है कि उक्त विद्यालयों में अध्यापकों की कमी के कारण छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री महेश जीना
13.01.2023
श्री विरेन्द्र कुमार
15.06.2023

"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त"

01. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज है ? उनका जिलेवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी इन राजकीय इण्टर कालेजों में नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों का विद्यालयवार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

## अतारांकित प्रश्न

**श्री गोपाल सिंह राणा**
**13.02.2024**

1. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित है ? यदि हां, तो वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानकमत्ता में कितने चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं अन्य स्टाफ कार्यरत है ? यदि नहीं, तो उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कब तक स्टाफ की तैनाती कर दी जायेगी ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

**इंजी0 रवि बहादुर**
**13.02.2024**

2. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005/06 में 536 और 2015/16 में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा 26 जुलाई 2016 को 11 माह के लिए मानदेय 12,000 रुपये प्रतिमाह की दर पर 600 फार्मासिस्टों की भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई थी, जो पहाड़ की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए आवश्यक है ? क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि पहाड़ की स्वास्थ्य व्यवस्था लचर होने के कारण लोगों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि पूर्व में जो विज्ञप्ति सरकार द्वारा जारी की गई उसमें से कितने फार्मासिस्टों को नौकरी दी गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

**श्री आदेश सिंह चौहान**
**13.02.2024**

3. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर पट्टी, जसपुर में विज्ञान संकाय के विषय न होने के कारण छात्र–छात्राओं को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार इसी सत्र से उक्त महाविद्यालय में विज्ञान वर्ग में गणित, जीव विज्ञान उपवर्ग के सभी विषयों का संचालन प्रारम्भ करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उच्च शिक्षा

**श्रीमती ममता राकेश**
**14.02.2024**

4. विधान सभा के प्रथम सत्र 2023 में नियम 40(2) के तहत तारांकित प्रश्न संख्या–1 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत कितने मेडिकल कालेज की स्थापना की गई है ? यदि नहीं तो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र भगवानपुर जिला हरिद्वार में ही पी0पी0पी0 मोड में ही मेडिकल कालेज की स्थापना का विचार किन कारणों से अंगीकृत किया गया ?

चिकित्सा शिक्षा

डॉ0 प्रमोद नैनवाल
14.02.2024

5. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र, रानीखेत के तहसील भिक्यासैण में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिक्यासैण काफी लम्बे समय से पी.पी.पी. मोड पर संचालित किया जा रहा है ? क्या यह सत्य है कि क्षेत्रवासियों के विरोध के बावजूद भी इस स्वास्थ्य केन्द्र का अनुबन्ध बढ़ाया गया है ? यदि हां, तो कब तक जनभावनाओं के अनुरुप उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अनुबन्ध समाप्त किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री विरेन्द्र कुमार
14.02.2024

6. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि राज्य के अस्पतालों में कुल कितने वेंटीलेटर है कितने वेंटीलेटर कियाशील है और कितने अकियाशील है तथा इन सरकारी अस्पतालों में ऐसे कितने डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ है, जो वेंटीलेटर संचालित करने की क्षमता रखते है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वेंटीलेटर को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु प्रशिक्षित डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर सरकार यथाशीघ्र विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री सुमित ह्रदयेश
14.02.2024

7. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2022–23 में प्रदेश के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा किस–किस मद में कितनी–कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी के कितने राजकीय विद्यालयों में सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में कितनी धनराशि व्यय की गयी ? क्या मंत्री जी व्यय की गई धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक)

श्री खजान दास
14.02.2024

8. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि पं0 दीनदयाल कोरोनेशन अस्पताल, जनपद देहरादून में एम0आर0आई0 मशीन लगाये जाने की मांग जनमानस द्वारा लम्बे समय से की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि उक्त अस्पताल में एम0आर0आई0 मशीन लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि चिकित्सालय में एम0आर0आई0 मशीन न होने के कारण मरीजो को भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार जनहित में पं0 दीनदयाल कोरोनेशन अस्पताल में एम0आर0आई0 मशीन की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>15.02.2024 | 9. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत तीन वर्षों में राज्य के कितने जर्जर स्थिति वाले स्कूलों की मरम्मत व निर्माण किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्र पलेठ का प्राथमिक विद्यालय पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा प्राथमिक विद्यालय सौडा सरोली, भोपालपानी, बुल्लावाला, बडेरना, लड़वाकोट, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंआवाला, उच्च प्राथमिक विद्यालय, नवादा आदि कई विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के जो भवन जर्जर स्थिति में है, उनकी मरम्मत व भवनों का निर्माण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.02.2024 | 10. विधान सभा के प्रथम सत्र 2023 के नियम 40(2) के तहत तारांकित प्रश्न संख्या–1 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत मेडिकल कालेज की स्थापना के क्या मानक है और इस योजना के अन्तर्गत जिला हरिद्वार के भगवानपुर के अतिरिक्त अन्य और किन स्थानों पर मेडिकल कालेजों की स्थापना की गई है अथवा की जानी प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो जिला हरिद्वार के भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना के सन्दर्भ में अनुसूचित जाति उपयोजना का उल्लेख करने का क्या औचित्य है ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.02.2024 | 11. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के जी.जी.आई.सी., सिकरोढ़ा व जी.जी.आई.सी., इकबालपुर के भवन वर्तमान में जर्जर अवस्था में है, जिससे बच्चों को जान–माल का खतरा बना हुआ है ? क्या मंत्री जी उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उल्लिखित विद्यालयों का जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण करवायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>15.02.2024 | 12. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में सभी सरकारी अस्पतालों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/पैथोलॉजी लैब में चिकित्सकों एवं लैब टैक्नीशियनों के कितने पद सृजित हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष सभी पदों पर चिकित्सक एवं लैब टैक्नीशियनों की तैनाती है ? क्या सरकार सभी सृजित पदों पर तैनाती हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री संजय डोभाल**<br>**15.02.2024** | 13. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य निर्माण के उपरान्त प्रदेश में कम्प्यूटर शिक्षा हेतु सरकार द्वारा कम्प्यूटर कक्ष, जनरेटर और कक्ष की साज सज्जा के कार्य कराये जाने हेतु धन की व्यवस्था की गयी थी ? यदि हां, तो किस स्तर के विद्यालयों में कितनी धनराशि आवंटित की गयी है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में वर्तमान में किन–किन विद्यालयों में कार्य पूर्ण हुए हैं और किन–किन विद्यालयों में कार्य पूर्ण नहीं हुऐ हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा कार्य बिलम्व करने वाले जिम्मेंदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा माध्यमिक |
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**15.02.2024** | 14. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कपकोट व काण्डा स्थापित आक्सीजन प्लांट लम्बे समय से बंद हैं ? क्या यह सत्य है कि आक्सीजन प्लांट के संचालन हेतु नियुक्त आपरेटर की सेवा भी समाप्त कर दी गयी है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित आक्सीजन प्लांट के मरम्मत करने के बाद भी ऑक्सीजन प्लांट का सुचारु रुप से संचालन नहीं हो पाया ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में बंद पड़े आक्सीजन प्लांट को पुनः सुचारु करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री विक्रम सिंह नेगी**<br>**15.02.2024**<br>**श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**20.02.2024**<br>**श्री संजय डोभाल**<br>**20.02.2024** | 15. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उत्तराखण्ड के अशासकीय विद्यालयों में नियत मानदेय रु0 10,000/– पर तैनात पी0टी0ए0 शिक्षक जो कि पद के सापेक्ष शैक्षिक योग्यता रखते हैं, को तदर्थ नियुक्ति देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री विक्रम सिंह नेगी**<br>**15.02.2024** | 16. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों एवं सीआरपी, बीआरपी के पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी एवं इन पदों पर नियुक्ति में विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि रिक्त पदों पर भर्ती आउटसोर्स से की जानी है ? यदि हां, तो भर्ती के मानक क्या हैं और आउटसोर्स ऐजेन्सी का नाम क्या है ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश कुमार<br>15.02.2024 | 17. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य के विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को दिये जा रहे मध्याहन भोजन की गुणवत्ता अत्यधिक निम्न स्तर की है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी मध्याहन भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु कोई ठोस कार्य योजना बनायेंगे ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>16.02.2024 | 18. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी न होने के कारण विद्यालयों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के कितने पद रिक्त है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के राजकीय विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| श्री मयूख महर<br>16.02.2024 | 19. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में निर्माणाधीन बेस हॉस्पिटल का कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो बेस अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बेस अस्पताल के निर्माण में अब तक कुल कितना धन व्यय हो चुका है ? क्या सरकार तत्सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

## नत्थी–"घ"

## वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुदान मांगों में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः-05, 07, 08, 18, 20, 26, 29, 11, 27, 13, 17, 24, 30, 31, 28, 16, 15 तथा 25**

| (क)- प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री यशपाल आर्य,<br>2. श्री प्रीतम सिंह,<br>3. श्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी,<br>4. श्री हरीश सिंह धामी<br>5. श्री तिलकराज बेहड़,<br>6. श्री फुरकान अहमद,<br>7. श्रीमती ममता राकेश,<br>8. श्री मनोज तिवारी,<br>9. श्री आदेश सिंह चौहान,<br>10. श्री गोपाल सिंह राणा,<br>11. श्री विक्रम सिंह नेगी,<br>12. श्री भुवन चन्द्र कापड़ी,<br>13. श्रीमती अनुपमा रावत,<br>14. श्री सुमित हृदयेश,<br>15. श्री खुशाल सिंह अधिकारी,<br>16. ई0 रवि बहादुर,<br>17. श्री विरेन्द्र जाति। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख)- प्रस्तावक का नाम | |
| 01. श्री शहजाद । | – तदैव – |